# कर्मचारी ने की आत्महत्या, प्रताड़ना के आरोप, चौक पर चक्काजाम

**खास बातें**

- परिजनों और समाज का प्रदर्शन
- आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग तेज



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 20 मार्च, नगर पालिका के फायर ब्रिगेड ड्राइवर मुकेश अहिरवार द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है.. जानकारी के अनुसार मुकेश अहिरवार ने गुरुवार सुबह जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी. गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया था, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मृतक के परिजनों को उनके मोबाइल में एक वीडियो मिला है, जिसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है.**

इस वीडियो में मुकेश अहिरवार ने नगर पालिका के ही कर्मचारी मुन्ना महाराज और मथुरा अहिरवार पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं. वीडियो में उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से दोनों कर्मचारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे थे. मुकेश ने वीडियो में यह भी आरोप लगाया कि दोनों कर्मचारी कभी गाड़ी चलाने को लेकर तो कभी अन्य कार्यों को लेकर उन्हें बार-बार दबाव में रखते थे और मानसिक रूप से परेशान करते थे. उन्होंने अपनी मौत के लिए सीधे तौर पर मुन्ना महाराज और मथुरा अहिरवार को जिम्मेदार ठहराया है. परिजनों ने यह वीडियो प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दिया है और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है.

**गिरफ्तारी तक जारी रहेगा आंदोलन**

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरोपियों को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाए.. उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा. फिलहाल मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंच गया है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है.. मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

वहीं शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे मुकेश का शव विदिशा से गंजबासौदा स्थित उनके निवास जेल रोड लाया गया. शव के गंजबासौदा पहुंचते ही परिजन और समाज के लोग आक्रोशित हो गए.. बड़ी संख्या में लोग जयनगर चौराहे पर एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया.. प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई.

# न्याय नहीं मिला तो ऑटो चालक ने कराया मुंडन



**13 दिन तक मृत्यु संस्कार करने का ऐलान**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 20 मार्च, शहर में एक ऑटो चालक द्वारा न्याय न मिलने से नाराज होकर अनोखे तरीके से विरोध जताने का मामला सामने आया है. शहर के संतोष मूले नामक ऑटो चालक ने मुक्तिधाम पहुंचकर अपना मुंडन कराया और 13 दिनों तक मृत्यु संस्कार से जुड़ी सभी गतिविधियां करने का ऐलान किया है.**

बताया गया कि घटना 7 मार्च की है जब संतोष मूले एक महिला को यात्री के रूप में अपने ऑटो में बैठाकर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे. मेडिकल कॉलेज के गेट पर एंबुलेंस और अन्य वाहनों की भीड़ होने के कारण उन्होंने महिला को गेट के पास ही उतार दिया. इसी बात को लेकर महिला नाराज हो गई और आरोप है कि उसने अन्य आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ मिलकर संतोष के साथ मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया. पीड़ित संतोष का कहना है कि उन्होंने इस घटना की शिकायत संबंधित कर्मचारियों से की, लेकिन वहां भी उन्हें डराया गया. इसके बाद उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जहां उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला. संतोष ने मेडिकल कॉलेज के डीन से भी शिकायत की, परंतु वहां से भी उन्हें कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं मिली.

लगातार निराशा हाथ लगने के बाद संतोष ने विरोध का यह अनोखा तरीका अपनाया. उन्होंने मुक्तिधाम में मुंडन कराते हुए इस मामले को तिलांजलि देने और 13 दिनों तक मृत्यु संस्कार से जुड़ी गतिविधियां करने का निर्णय लिया है. संतोष मूले ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में ही वर्दी पहनने का अधिकार दिया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को रोका जाए.

**एक नजर में**

**ईदगाह व शहर की मस्जिदों में होगी ईद नमाज**

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** ईदुलफितर त्यौहार शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया जावेगा. ईद पर ईदगाह तथा शहर की चार मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जावेगी. जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वसीम ने बताया कि ईदुल फितर 21 मार्च शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया जावेगा. ईद के दिन ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7.30 बजे, जामा मस्जिद में 7.45 बजे, ताज मस्जिद में 8 बजे, कमनगिरान मस्जिद में 8.15 बजे बिलाल मस्जिद में 8.30 बजे अदा की जावेगी. इससे पूर्व शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई.

**मत्स्य अवतार मीनेष जयंती चल समारोह 22 को**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** मीना समाज के आराध्य भगवान विष्णु के प्रथम मत्स्य अवतार भगवान मीनेष जयंती हर्षउल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मध्यप्रदेश मीना समाज सेवा संगठन द्वारा मनाई जा रही है. रविवार 22 मार्च को श्री राम जानकी मंदिर ट्रस्ट मीणा समाज वैत्रवती तट पर सुबह 10 बजे से आराध्य देव मीनेश भगवान की पूजन हवन एवं प्रसादी वितरण होगा. दोपहर 12 बजे से होने वाले कार्यक्रमों में 2 बजे अतिथि सत्कार एवं जनसभा का आयोजन किया जाएंगा. इसके बाद दोपहर 3 बजे से चल समारोह प्रारंभ होगा.

**नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को**

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** महामाई दरबार में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जावेगा. शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी. शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विजय सक्सेना, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष गोयनका, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नमन अग्रवाल एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा भाटी सेवाएं देंगे.

# नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन 2 लाख की ब्राउन शुगर जप्त

**बासौदा में दबिश देकर 18 .50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विदिशा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है.**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति पुरानी मंडी स्थित मंदिर के पास संदिग्ध हालत में बैठे हैं और उनके पास ब्राउन शुगर है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया . तलाशी लेने पर नवलेश मैना के पास से 7.85 ग्राम और राकेश बंजारा के पास से 10.65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई.

# अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, पत्थर नष्ट, दो डंपर जब्त



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर के निर्देशन में शुक्रवार को प्रभारी अधिकारी खनि शाखा एवं खनि निरीक्षक द्वारा खनिज अमले के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई.**

यह कार्रवाई तहसील क्षेत्र के ग्राम विलोरी में की गई, जहां अवैध रूप से पत्थरों का उत्खनन किया जा रहा था. मौके पर पहुंची टीम ने उत्खनन कर निकाले गए फर्शी पत्थरों को हथौड़ों की मदद से तोड़कर नष्ट कर दिया, ताकि उनका अवैध उपयोग न हो सके. इसके साथ ही उत्खनन में प्रयुक्त उपकरण जैसे हथौड़े, चेन्नी, सब्बल, गुनिया सहित अन्य सामग्री को जब्त कर लिया गया. कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग की टीम ने जिले में भ्रमण भी किया, जिसमें दो डंपरों को खनिज मुरम का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया. इन डंपरों को तत्काल जब्त कर पुलिस थाना करारिया और नटेरन में सुरक्षित रखवाया गया है. संबंधित मामलों को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है.

# शिक्षामंत्री के बयान से बढ़ा विवाद, शिक्षक खुद दायर करें याचिका या सरकार दे साथ

**शिक्षक संघ बोला सरकार हमारे साथ पुनर्विचार याचिका पर मंथन जारी**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि टीईटी परीक्षा को लेकर प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है . पीपुल्स समाचार में प्रकाशित खबर के अनुसार प्रदेश के शिक्षामंत्री का कहना है कि यह शिक्षकों का मामला है और उन्हें स्वयं सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करनी चाहिए .**

वहीं शिक्षक संघ का दावा है कि सरकार उनके साथ खड़ी है . प्रदेश अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर ने शिक्षामंत्री से मुलाकात के बाद कहा कि सरकार शिक्षकों के पक्ष में है और पुनर्विचार याचिका दायर करने पर विचार किया जा रहा है . इधर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव संजय गोयल ने शिक्षकों को आश्वासन दिया है कि आवेदन का परीक्षण कराया जाएगा और रिव्यू पिटीशन दायर करने से पहले शासकीय अधिवक्ता एवं विधि विभाग से राय ली जाएगी .प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवंशी ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति सरकार द्वारा तय मानकों के आधार पर हुई है, ऐसे में सरकार को तत्काल संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करनी चाहिए .

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राकेश दुबे ने बताया कि शिक्षक संगठनों की बैठक 29 मार्च को बुलाई गई है, जिसमें एकजुटता के साथ आगे की रणनीति तय की जाएगी . उन्होंने कहा कि शिक्षक भयभीत न हों, संगठन उनके साथ खड़ा है और किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा .बैठक में अमर सिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, सफाकत हुसैन कादरी, विनोद श्रीवास्तव, लंपूराम अहिरवार, निर्भय सिंह, दीपक नामदेव, रामराज सिंह दांगी, महेंद्र सिंह रघुवंशी, भगवती सक्सेना, संजय नामदेव, देवेंद्र सिंह दांगी, रामबाबू पूरन लोढ़ी, मनोज गुप्ता, संजय अहिरवार, माधवी भाटिया, तृप्ति तिवारी, अनीता ठाकुर, सुनीता माथुर, सावित्री रिछारिया, निशा, रितु सिंह, सुनीता ठाकुर, प्रेमिला रघुवंशी, राजकुमारी समेत अन्य शिक्षकों ने एक स्वर में मांग की.


# सड़क सत्याग्रह, धूल और गड्ढों से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा




**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, रामद्वारा क्षेत्र में खराब सड़कों, धूल और गड्ढों से परेशान नागरिकों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया. लोगों ने लोक प्रतिपक्ष संस्था के माध्यम से सड़क पर झाड़ू लगाकर सड़क सत्याग्रह किया और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए.**

इस दौरान देवेंद्र सिंह राठौर ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में कमीशनखोरी और लापरवाही के कारण योजनाबद्ध विकास नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि सड़कों की खुदाई के बाद मरम्मत नहीं होने से आमजन का जीवन और स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है.अशरफ खान ने बताया कि पिछले कई दिनों से तिलक चौक से रामद्वारा तक सड़क की हालत बेहद खराब है, जिससे दिन में कई बार जाम लगता है और दुकानदारों को धूल का सामना करना पड़ रहा है. राजेश तिवारी ने कहा कि जहां एक ओर स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़कों की दुर्दशा से नागरिकों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है. लोगों ने सड़क मरम्मत की मांग की.

# चांद दिखते ही विदिशा में आज मनाई जाएगी ईद-उल-फितर



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा में मुस्लिम समुदाय का प्रमुख त्योहार ईद-उल-फितर आज 21 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. रमजान के पूरे 30 रोजों के बाद चांद दिखाई देने के साथ ही ईद का ऐलान हो गया. शहर में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और लोग सुबह से ही तैयारियों में जुटे हैं.**

जिला मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष मुआज़ मेहमूद कामिल ने बताया कि ईद इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे रमजान के पाक महीने के समापन पर मनाया जाता है. इसे मीठी ईद भी कहा जाता है. इस दिन लोग नए कपड़े पहनकर नमाज़ अदा करते हैं और अल्लाह से अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगते हैं.

शहर में ईद की विशेष नमाज़ अलग-अलग समय पर अदा की जाएगी. ईदगाह में सुबह 8 बजे, जामा मस्जिद और मुगलटोला मस्जिद में 8:15 बजे, झूलनपीर और मदीना मस्जिद में 8:30 बजे, मदनी मस्जिद गुटान में 8:45 बजे तथा सब्जी फर्रोशन मस्जिद में 9 बजे नमाज़ होगी. ईद के मौके पर जकात और फितरा देकर जरूरतमंदों की मदद की जाती है.

# ग्यारसपुर में अवैध कटाई का बड़ा खुलासा 500 से ज्यादा पेड़ कटे

**ग्रामीणों का आरोप– अधिकारियों की अनदेखी से उजड़ रहे जंगल**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर के मोहम्मदगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 78 और 79, मर्दानपुर में बड़े पैमाने पर अवैध वृक्ष कटाई का गंभीर मामला सामने आया है. यहां सागौन सहित अन्य कीमती वृक्षों को काटे जाने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि वन माफिया बेखौफ होकर जंगलों का सफाया कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस पूरे मामले से अनजान बने हुए हैं.**

जानकारी के अनुसार, इमारती लकड़ी के रूप में उपयोग होने वाले सागौन के पेड़ों को कुल्हाड़ियों से काटा गया है. मौके पर बड़ी संख्या में कटे हुए पेड़ों के अवशेष देखे जा सकते हैं. ग्रामीणों का दावा है कि करीब 500 से अधिक सागौन और अन्य वृक्षों की अवैध कटाई की गई है. कई स्थानों पर लकड़ी को एकत्रित कर रखा गया है, जिसे बाद में ईंट भट्टों और निजी उपयोग के लिए ले जाया जा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब वन विभाग की लापरवाही और कथित मिलीभगत के बिना संभव नहीं है. उनका आरोप है कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध कटाई जारी है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

इस संबंध में जब वन विभाग की रेंजर मुस्कान से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और जल्द ही जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी तेजी और सख्ती से कदम उठाता है, या फिर जंगलों की कटाई का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा.

# धर्ममय हुई ऐतिहासिक नगरी सांची, मंदिरों में गूंजे भजन तो मस्जिद में अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज



**नवभारत न्यूज**
**सांची, चैत्र माह में नौदुर्गा पर्व की शुरुआत होते ही ऐतिहासिक नगरी सांची पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गई है. नगर के मंदिरों में विशेष सजावट के साथ पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का क्रम जारी है. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ रही है, वहीं भजन-कीर्तन के आयोजन भी पूरे उत्साह के साथ किए जा रहे हैं. इन धार्मिक आयोजनों में सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है.**

दूसरी ओर नगर में सांप्रदायिक सौहार्द की सुंदर तस्वीर भी सामने आई. रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी शामिल हुए.. नमाज हाफिज अफसर साहब द्वारा अदा कराई गई.. इस अवसर पर देश की खुशहाली, अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई.अपने संबोधन में उन्होंने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पवित्र महीना अब विदा होने को है और इबादत का फल मिलने का समय आ गया है.. साथ ही ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को मनाया जाएगा और ईद की नमाज सुबह जामा मस्जिद में अदा की जाएगी.नगर में इन दिनों आस्था, उत्साह और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है.

**जन्मोत्सव** — **चेटीचंड पर्व पर सिंधी समाज ने किया पूजन-अर्चन**

# भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाया निकली भव्य शोभायात्रा



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा में सिंधी समाज द्वारा अपने इष्ट देव भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचंड पर्व के रूप में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया. पूज्य सिंधी पंचायत के ऑडिटर रवि तलरेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व नव संवत्सर के साथ विशेष महत्व रखता है और पूरे समाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है.**

पंचायत अध्यक्ष दीवान मंगतानी और महामंत्री मनोज पंजवानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल जी को जल के देवता वरुण देव का अवतार माना जाता है. उनका जन्म संवत् 1007 में चैत्र मास शुक्ल पक्ष द्वितीया को सिंध प्रांत के ठठा नगर नसरपुर में हुआ था. उनके पिता का नाम रतनराय और माता का नाम देवकी था, जबकि उनका बाल्यकाल का नाम उदयचंद उडेरोलाल था. इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा कई दिनों तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए।9 मार्च से 11 दिवसीय आरती का आयोजन किया गया, वहीं 15 मार्च को वाहन रैली और 18 मार्च को प्रभात फेरी निकाली गई. चेटीचंड के दिन झूलेलाल मंदिर में समाज के सभी वर्गों—महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों—ने एकत्रित होकर पूजा-अर्चना, आरती और विश्व कल्याण की प्रार्थना की.

पर्व के दिन ज्योत प्रज्वलित कर बहिराणा साहिब की पूजा, भजन-कीर्तन और पल्लव के बाद प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया. इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जिसका विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, शरबत, जूस और स्वल्पाहार से स्वागत किया गया. शोभायात्रा के दौरान समाज पुरोहित पंडित राकेश महाराज द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे.

# सांची में हरित अभियान को रफ्तार, अगले वर्ष 4000 पौधरोपण का लक्ष्य



**नवभारत न्यूज**
**सांची, हरियाली बढ़ाने के लिए हरित अभियान को लगातार गति दी जा रही है. जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण एवं अमृत हरित महा अभियान के तहत नगर क्षेत्र में पौधरोपण कार्य तेज़ी से किया जा रहा है. भारत सरकार की अमृत योजना अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री पहल के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है.**

इसी क्रम में पुरानिया तालाब स्थित नमो वाटिका का निरीक्षण नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया. निरीक्षण के दौरान मीडिया एक्सपर्ट श्रीमती रचना बेदी, ग्रीन स्पेस एक्सपर्ट श्रीमती रूपम मिश्रा सहित तकनीकी अधिकारियों की टीम मौजूद रही. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार एवं महिला समूह की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं. निरीक्षण के दौरान पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और देखरेख को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए.. नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि आगामी वर्ष में 4000 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसके तहत नगर के विभिन्न वार्डों में चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण कर ग्रीन पार्क विकसित किए जाएंगे. सांची में पर्यावरण संरक्षण को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.